
पत्थर में धंसी तलवार

करेन वालेस और नील चैपमैन






एक समय था जब ब्रिटेन में
हर जगह युद्ध चल रहा था.

तब ब्रिटेन में कोई राजा नहीं था
और वहां की प्रजा बहुत दुखी थी.

मर्लिन जादूगर को यह पता था कि एक
शक्तिशाली राजा उन लड़ाइयों को रोक सकता था.




इसलिए मर्लिन जादूगर ने पत्थर की
एक शिला में एक विशेष तलवार धंसा दी.





"ब्रिटेन के नए राजा को खोजने के लिए एक टूर्नामेंट होगा," उसने कहा. "उसमें हर शूरवीर को इस विशेष तलवार को बाहर खींचने की कोशिश करनी होगी."





उन दिनों, आर्थर नाम का एक लड़का सर केय नाम के एक शूरवीर का नौकर था.

आर्थर, सर केय के घोड़े और काठी की देखभाल करता था.

सर केय अपने पिता, सर एक्टर और आर्थर के साथ, टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए रवाना हुए.

उस यात्रा से आर्थर बहुत उत्साहित था.



जब वे वहां पहुंचे तो सर केय को इस बात का एहसास हुआ कि उन्होंने अपनी तलवार सराय में ही छोड़ दी थी.

"तुम वापस जाओ और मेरी तलवार लेकर आओ," उन्होंने आर्थर से कहा.




जब आर्थर वहां पहुंचा तो सराय बंद हो चुकी थी.

आर्थर को नहीं पता था कि वो अब क्या करे.

अचानक उसे एक गिरजाघर में पत्थर की एक शिला में एक तलवार धंसी हुई दिखाई दी.





आर्थर ने जल्दी से उस तलवार को बाहर खींचा और वो वापस सर केय के पास भागा.



आर्थर ने सर केय को वो तलवार दी. सर केय उस तलवार को तुरंत पहचान गए.



"मेरे पास वो तलवार है, इसलिए अब मैं राजा हूँ," सर केय ने अपने पिता से कहा.

लेकिन सर एक्टर को अपने बेटे की बात पर विश्वास नहीं हुआ.

तब आर्थर ने सर केय के पिता को वो समझाया जो उसने क्या किया था.


"मैं उसे खुद अपने लिए देखूँगा," सर एक्टर ने कहा.



वे गिरजाघर वापिस गए, और वहां आर्थर ने तलवार वापस पत्थर की शिला में घुसा दी.




सर केय और सर एक्टर ने बहुत कोशिश की लेकिन वे दुबारा तलवार को बाहर नहीं खींच पाए.



"उसे निकालना आसान है," आर्थर ने कहा. उसने फिर से पत्थर में धंसी तलवार बाहर खींच निकाली.





जो कोई इस तलवार को खींच कर बाहर निकालेगा वही ब्रिटेन का सच्चा राजा होगा.

वो सब देखने के बाद सर एक्टर और सर केय अपने घुटनों पर गिर गए.

"यह आप क्या कर रहे हैं?" आर्थर ने उनसे पूछा.

"पत्थर पर लिखे शब्दों को पढ़ो," सर एक्टर ने जवाब दिया.

"आर्थर, अब तुम ब्रिटेन के सच्चे राजा हो. जैसा मर्लिन जादूगर ने कहा था वैसा ही हुआ है."

आर्थर चकित रह गया.

"वो मर्लिन कौन है?" आर्थर चिल्लाया.

तभी उन्हें मर्लिन जादूगर दिखाई दिया.

"आर्थर," मर्लिन जादूगर ने कहा, "तुम्हारे पिता सम्राट उथर, ब्रिटेन के बादशाह थे.

जब तुम एक बच्चे थे, तब मैंने ईर्ष्यालु शूरवीरों से सुरक्षित रखने के लिए तुम्हें सर एक्टर को सौंप दिया था."



आर्थर ने तलवार की ओर गौर से देखा और उसने अपने कर्तव्य को समझा.

"मैं एक अच्छा राजा बनने का वादा करता हूं," उसने कहा.



पहले तो ईर्ष्यालु शूरवीरों ने उसे स्वीकार नहीं किया.



वे बार-बार पत्थर में धंसी तलवार को खींचने का प्रयत्न करते रहे.

लेकिन केवल आर्थर ही तलवार को शिला में से खींचने में सफल रहा.

अंत में शूरवीरों ने मर्लिन की बात पर यकीन किया.


"राजा आर्थर अमर रहें!" वे चिल्लाए.





फिर आर्थर को राजा का ताज पहनाया गया.

आर्थर के पिता की मृत्यु के बाद अब पहली बार देश में हर इंसान खुश था.



अंत